# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेल्वे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर–342001
jdajodhpur.rajasthan.gov.in वेब साईट http://email:-jdajodhpur@rajasthan.gov.in phone no- 0291.2612086,0291.2656355 fax 0291.261537

क्रमांकः–अधि.अभि. / जोन विद्युत– I / 20–21 / 1042 दिनांकः– 13/01/2021

**::ई–बिड सूचना संख्याः जोन विद्युत– I / 17 / 2020–21::**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत बिडर्स जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों, जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के बिडर्स के समकक्ष हो (बिड पात्रता पंजीकरण के नियमों के अनुसार मान्य) से निर्धारित प्रपत्र मे ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन बिड आमंत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी। बिड सुरक्षा राशि के संबंध में घोषणा पत्र (Declaration) सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के नाम से संलग्न करना आवश्यक है। ऑन लाईन बिड खोलने से पूर्व निम्न विवरण अनुसार बिड शुल्क, ई–टेन्डररिंग प्रक्रिया शुल्क जमा कराना आवश्यक है।

**–महत्वपूर्ण दिनांकों का विवरण–**

| विवरण | बिड की क्र. सं. | दिनांक व समय |
|---|---|---|
| ऑन लाईन बिड फार्म की उपलब्धतता डाउनलोड आरम्भ होने की दिनांक व समय | 1 से 3 | 14.01.2021 सुबह 9.30 बजे से |
| ऑन लाईन बिड फार्म डाउनलोड समाप्त होने की दिनांक व समय | 1 से 3 | 25.01.2021 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन बिड फार्म जमा कराने की प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 1 से 3 | 14.01.2021 सुबह 9.30 बजे से |
| ऑन लाईन बिड फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 1 से 3 | 25.01.2021 सायं 6.00 बजे तक |
| बिड प्रपत्र शुल्क SSO ID के माध्यम से sso.rajasthan.gov.in पर urban services मे E-tendering से जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 1 से 3 | 25.01.2021 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन तकनीकी व वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | 1 से 3 | 27.01.2021 प्रातः 11.00 बजे |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | बिड सुरक्षा राशि | बिड प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य की दोष निवारण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of control room for 3D mapping at Mandore, Jodhpur | 14,47,691 / – | 0 / – | 500 / – | 6 माह | सिविल कार्य हेतु 5 वर्ष एवं विद्युत कार्य हेतु 2 वर्ष |
| 2. | जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मानसागर पार्क एवं गणेश मन्दिर में लगाए गए म्युजिकल फव्वारो का रख रखाव, संचालन एवं सुरक्षा करने का कार्य। | 9,30,300 / – | 0 / – | 500 / – | 6 माह | 6 माह |
| 3. | प्राधिकरण कार्यालय के गार्डन में विद्युतीकरण का कार्य। | 4,12,104 / – | 0 / – | 500 / – | 2 माह | 6 माह |

**बिड की महत्वपूर्ण शर्ते निम्नानुसार है:–**

1. बिड प्रपत्रों को वेबसाइट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन बिड में भाग लेने वाले बिडर्स को बिड को इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में वेबसाइट http:/www. eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करानी होगी।
2. बिड की प्रक्रिया ऑन लाईन होगी।
3. बिड हेतु पात्र बिडर्स की श्रेणीः–
4. 

| | |
|---|---|
| किसी भी सीमा तकः | EWSD I संवेदक |
| रूपये 25.00 लाख तकः | EWSD II संवेदक |
| रूपये 10.00 लाख तकः | EWSD III संवेदक |
| रूपये 5.00 लाख तकः | EWSD IV संवेदक |

5. बिड खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सम्पूर्ण बिड नही खोली जा सकती है, तो उसके अगले कार्य दिवस को शेष बिड खोलने का कार्य जारी रखा जावेगा।
6. बिड प्रक्रियाः–

| कार्य | पोटेंशियल असेसमेंट | पोस्ट क्वालीफिकेशन |
|---|---|---|
| अन्य निर्माण कार्य | 200 लाख से 1000 लाख तक | 1000 लाख से 5000 लाख तक |

7. कार्य करने हेतु कार्य स्थल उपलब्ध है।
8. बिडर्स द्वारा निम्नलिखित राशि निम्न विवरण अनुसार बिड खोले जाने के समय से पूर्व, SSO ID के माध्यम से sso.rajasthan.gov.in पर urban services मे payment gateway for E-tendering से जमा कराने की अन्तिम तिथि तथा समय तक जमा करवाना आवश्यक है:–

| क्र.सं. | शुल्क वितरण | शुल्क | भुगतान का माध्यम | देय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बिड शुल्क | उपरोक्तानुसार | ऑनलाईन SSO ID के माध्यम से sso.rajasthan.gov.in पर urban services मे payment gateway for E-tendering से | सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण |
| 2. | ई–टेन्डररिंग प्रक्रिया शुल्क | 50 लाख तक 500 / –<br>50 लाख से ऊपर 1000 / – | | M.D, RISL, JAIPUR |

9. प्रदत दरें बिड खोलने की दिनांक से 50 दिवसों तक बिड स्वीकृति हेत मान्य (Valid) रहेगी। यदि बिडर्स उक्त अवधि में अपनी बिड अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी बिड वापस ले लेता है, तो उसकी बिड सुरक्षा राशि जब्त कर ली जावेगी।
10. यदि बिडर्स के नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति / पत्नी) कार्य से सम्बंधित जोन अथवा अधीनस्थ कार्यालय में खण्डीय लेखाकार अथवा सहायक अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता स्तर का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो,तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।

11. राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इन्जिनियर या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य की अनुमति के बिना सेवा निवृति के 2 वर्ष तक बिडर्स अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नही कर सकेंगें। यदि बिडर्स अथवा उसके कर्मचारियों में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति बिड जमा कराने से पहले अथवा बिडर्स के यहॉं से सेवायें लेने से पहले अनुमति नही ली है, तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।

12. किसी भी बिड को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को रहेगा। RPWA 100 की समस्त शर्ते मान्य होगी।

13. वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ 1(1)FD/GF&AR/2007 दिनांक 30.09.2011 (सर्कुलर नं 19/2011) के अनुसार 50.00 लाख रूपये तक की राशि के कार्यो के लिए 500/– व 50.00 लाख रूपये से अधिक राशि के कार्यो के लिए 1000/– रू की राशि बिड शुल्क के अतिरिक्त देनी होगी जो SSO ID के माध्यम से sso.rajasthan.gov.in पर urban services मे payment gateway for E-tendering के रूप में देय होगी। यह राशि MD, RISL के पक्ष में व जयपुर में ऑनलाईन भुगतान योग्य होनी चाहिये।

14. नेगोशियेशन की आवश्यकता होने पर ई–मेल या पत्र द्वारा डाक से सूचित किया जायेगा।

15. बिड शुल्क निम्नानुसार निर्धारित हैः–

| | |
|---|---|
| 50 लाख से कम अनुमानित लागत | रूपये 500 |
| 50 लाख से 150 लाख तक अनुमानित लागत | रूपये 1000 |
| 150 लाख से 400 लाख तक अनुमानित लागत | रूपये 2000 |
| 400 लाख से अधिक अनुमानित लागत | रूपये 5000 |

16. बिडर्स को ऑन लाईन बिड के साथ संबंधित विभागीय अधिकारियो से जारी जी.एस.टी. (G.S.T.) रजिस्ट्रेशन की प्रति लगाया जाना आवश्यक होगा अन्यथा बिड पर विचार नही किया जायेगा।

17. आईटम संख्या 2 के लिए बिडर्स को फव्वारों व म्यूजिकल फव्वारो के रखरखाव के कार्य का गत तीन वितीय वर्षों में से किसी एक वितीय वर्ष में बिड राशि का 50 प्रतिशत संतोषजनक कार्य पूर्ण करने का अनुभव होना चाहिए, इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति बिड के साथ अपलोड करना होगा।

18. बिड के लिये इलेक्ट्रिकल इस्पेक्टर के लाईसेन्स की रजिस्ट्रेशन की प्रतिलिपि सलंग्न करना आवश्यक है।

19. आईटम संख्या 1 के लिये सिविल रजिस्ट्रेशन की प्रतिलिपि संलग्न करना आवश्यक है।

20. ई–टेंडरिंग के लिए बिडर्स हेतु निर्देशः–
   - इन बिड में दिलचस्पी लेने वाले बिडर्स बिड प्रपत्रों का इन्टरनेट साईट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in से देख/ डाउनलोड कर सकते है।
   - बिड में भाग लेने वाले बिडर्स को इन्टरनेट साईट http:/www.eproc.rajasthan .gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाईन बिड में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रॉनिक बिड में साईन करने हेतु काम आयेगा। बिडर्स उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी.सी.ए द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन बिडर्स के पास पूर्व में वैद्य डिजिटल सर्टिफिकेट है, नया डिजिटल लेने की आवश्यकता नही है।
   - बिडर्स को बिड प्रपत्र इलेक्ट्रॉनिक फॉर्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिसके प्रस्ताव अकेले भौतिक फॉर्म में स्वीकार्य नही होगा।
   - इलेक्ट्रॉनिक बिड प्रपत्रो को जमा कराने से पूर्व बिडर्स यह सुनिश्चित कर लेवें कि बिड प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी बिड प्रपत्रों के साथ संलग्न कर दी गयी है।
   - कोई भी बिड इलेक्ट्रॉनिकली जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है, तो उसका जिम्मेदार विभाग नही होगा।
   - बिड के प्रपत्रों में आवश्यक सभी सूचियों को सम्पूर्ण रूप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करें।

21. संवेदक को ऑन लाईन बिड के साथ संबंधित विभागीय अधिकारियो से जारी पी.एफ. (P.F.) रजिस्ट्रेशन की प्रति लगाया जाना आवश्यक होगा अन्यथा बिड पर विचार नहीं किया जायेगा।

22. बिड राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है। ऊपर अंकित समस्त प्रावधान/बंधन उस सीमा तक ही लागू होंगे जिस सीमा तक देय उस बिन्दु में उल्लेखित अधिनियम एवं नियमो के विरूद्ध नहीं हों।

23. बिड के साथ अनुलग्नक परिशिष्ट A से D बिन्दु के भाग है जिनकी पूर्ति अनिवार्य है।

24. वित्त विभाग के आदेश कमांक एफ.2(1)वित्त/जीएण्डटी–एसपीएफसी/2017 दिनॉंक 23.12.2020 के अनुसार बिड सिक्यूरिटी के संबंध में घोषणा पत्र (Declaration) प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है। घोषणा पत्र पर 50/– रूपये स्टाम्प ड्यूटी देय है तथा इस स्टाम्प ड्यूटी की राशि पर नियमानुसार 30 प्रतिशत सरचार्ज देय है। घोषणा पत्र (Declaration) का मानक प्रारूप संलग्न है।

अधिशाषी अभियंता (विद्युत–I)
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर
दिनांकः– 13/01/2021

क्रमांकः–अधि.अभि./ जोन विद्युत– I/20–21/1043-55

**प्रतिलिपि वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. निजी सचिव,अध्यक्ष महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
2. निजी सचिव,आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
3. सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
4. निदेशक अभियांत्रिकी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
5. निदेशक वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
6. मुख्य लेखाधिकारी प्रथम/द्वितीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
7. सहायक लेखाधिकारी, प्रथम/द्वितीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
8. अधीक्षण अभियंता, जोधपुर विकास प्राधिकरण/सा.नि.वि./जो.वि.वि.नि.लि./जन स्वा.अभि. विभाग, जोधपुर।
9. अधिशाषी अभियंता जोन– पूर्व/पश्चिम/दक्षिण/उत्तर/आर.ओ.बी./पी.एच.ई., जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
10. केशियर/नोटिस बोर्ड।
11. सहायक जन सम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
12. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त निविदा का http://www.eproc.rajasthan.gov.in,www.jodhpurjda.org एवं www.sppp.raj.nic.in की वेबसाईड पर तुरन्त प्रदर्शित (up Load) करें।
13. ठेकेदार संघ, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर/जोधपुर ठेकेदार संघ/ऑल राजस्थान कान्ट्रेक्टर ऐसोसियेषन/ठेकेदार संघ सिवील जे.डी.ए./पी. डब्ल्यूडी ठेकेदार संघ/.......................................।

अधिशाषी अभियंता (विद्युत– I)
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर